तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

11 हम किसी क्षेत्र का विकास करते हैं तो सभी समाजों...



12 शासन की योजनाओं से पशु पालक आर्थिक...





।। बाबा ॐ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर

सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक
से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन

जापानी तकनीक से यूक्त मशीन
सोने की शूद्धता एवं कैरेट की जांच
नि:शुल्क सोने की शूद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय

नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप

## खबर संक्षेप

### कुर्मी समाज का अधिवेशन 21 एवं 22 को तिल्दा में

**राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज का प्रादेशिक अधिवेशन एवं कूर्मि संझा का आयोजन 21 एवं 22 दिसंबर को तिल्दा नेवरा के ग्राम तुलसी में होगा। इस प्रांतीय अधिवेशन में अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष वी एस निरंजन, समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल, महिला प्रदेशअध्यक्ष तारा चंद्राकर, युवा प्रदेशअध्यक्ष योगेश्वर देशमुख सहित समाज के अन्य वरिष्ट पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व सामाजिक विभूति मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए समाज के गरियाबंद जिला अध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम डिजिटल व वर्चुअल मोड पर आयोजित होने के कारण इस कार्यक्रम में हजारों लोग जुड़ सकेंगे।



### विधायक साहू किरवई में कल

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू 21 दिसंबर को किरवई पहुंच रहे है। विधायक श्री साहू यहां मुख्य अतिथि के रूप में टीन शेड व नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरपंच यथार्थ शर्मा ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य भुवनेश्वरी साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मोतीराम साहू मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम टिकरापारा बाजार चौक में दोपहर 12:30 बजे होगा।



### पाटसिवनी में घासीदास जयंती 22 को

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम पाटसिवनी में 22 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि तामेश्वरी चैंपेश्वर ध्रुव (सरपंच) अध्यक्षता लक्ष्मी दास सोनवानी संरक्षक सतनामी समाज छुरा परिक्षेत्र, विशिष्ट अतिथि श्री पन्नालाल ध्रुव पूर्व सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, विशेष अतिथि रिखिराम राम यादव जनपद सदस्य, अमर सिंह जाट, चम्पेश्वर ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, रुपसिंह साहू, हुलसी ध्रुव, आनंद राजपुत, गैन्दु साहु, दिपक गिलहरे।

## जिले में निकाय चुनाव : नगर पालिका और नगर पंचायतों में 15-15 वार्डों का आरक्षण तय

# नगरीय निकायों में आरक्षण से दिग्गजों के समीकरण गड़बड़ाए, कई के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के नगर निकाय चुनावों की आरक्षण प्रक्रिया पूरी हो गई है, और इसके साथ ही राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। नगर पालिका और नगर पंचायतों में 15-15 वार्डों का आरक्षण तय होने के बाद कई दिग्गज नेताओं के समीकरण गड़बड़ा गए हैं। चुनावी मैदान में इस बार कई नए चेहरे उतर सकते हैं, जबकि पुराने दावेदारों को आरक्षण की वजह से अपना वार्ड बदलने या चुनाव लड़ने से पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ सकता है। आरक्षण की प्रक्रिया गरियाबंद के वन विभाग के ऑक्शन हॉल में कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पर्ची निकालकर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), और महिलाओं के लिए वार्ड आरक्षित किए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, एसडीएम विशाल महाराणा, रामसिंह सोरी, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। गरियाबंद नगर पालिका के 15 वार्डों में से केवल 8 वार्ड अनारक्षित हैं। 3 वार्ड एसटी और 2 वार्ड एससी के लिए आरक्षित किए गए हैं। महिलाओं के लिए 4 वार्ड आरक्षित हैं। एसटी के लिए तीन वार्ड आरक्षित होने से यहां जनजातीय वर्ग के नए उम्मीदवारों के लिए मौका है। वहीं, सामान्य वर्ग के कई नेताओं को नई रणनीति बनानी होगी।

> ■ बदले समीकरण से सियासी सरगर्मी तेज




### आरक्षण सूची

**नगर पालिका गरियाबंद:-** 1. अनारक्षित 2. ओबीसी 3. अनारक्षित महिला 4. एससी महिला 5. एसटी 6. अनारक्षित 7. एसटी महिला 8. एसटी 9. अनारक्षित महिला 10. एससी 11. अनारक्षित 12. अनारक्षित 13. अनारक्षित 14. ओबीसी महिला 15. अनारक्षित

**नगर पंचायत छुरा:-** 1. ओबीसी 2. अनारक्षित 3. एसटी 4. एसटी 5. अनारक्षित 6. अनारक्षित 7. अनारक्षित महिला 8. अनारक्षित महिला 9. एससी महिला 10. एससी 11. अनारक्षित 12. ओबीसी महिला 13. अनारक्षित 14. एसटी महिला 15. अनारक्षित

**नगर पंचायत फिंगेश्वर:-** 1. अनारक्षित 2. अनारक्षित 3. अनारक्षित महिला 4. अनारक्षित महिला 5. ओबीसी महिला 6. अनारक्षित 7. अनारक्षित 8. अनारक्षित 9. एससी महिला 10. एससी 11. एससी 12. अनारक्षित 13. एसटी महिला 14. ओबीसी 15. एससी

**नगर पंचायत राजिम:-** (एसटी के लिए कोई आरक्षित वार्ड नहीं) 1. अनारक्षित महिला 2. अनारक्षित 3. अनारक्षित महिला 4. अनारक्षित 5. अनारक्षित 6. ओबीसी महिला 7. ओबीसी 8. अनारक्षित 9. ओबीसी 10. ओबीसी 11. अनारक्षित 12. एससी महिला 13. एससी 14. अनारक्षित 15. ओबीसी महिला

**नगर पंचायत कोपरा:-** 1. एससी 2. अनारक्षित 3. ओबीसी महिला 4. एससी महिला 5. ओबीसी 6. अनारक्षित 7. ओबीसी महिला 8. अनारक्षित महिला 9. अनारक्षित 10. अनारक्षित महिला 11. ओबीसी 12. अनारक्षित 13. अनारक्षित 14. अनारक्षित 15. ओबीसी

### राजिम नगर पंचायतः दावेदारों के समीकरण गड़बड़ाए

राजिम में एसटी वर्ग के लिए कोई भी वार्ड आरक्षित नहीं हुआ, जो बड़ा उलटफेर माना जा रहा है। इस नगर पंचायत में 4 महिला आरक्षित वार्ड और 5 ओबीसी आरक्षित वार्ड हैं। एसटी वर्ग के प्रभावशाली नेता इस बार चुनावी दौड़ में पिछड़ सकते हैं। वहीं, ओबीसी वर्ग को 5 वार्ड मिलने से उनके बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

### छुरा, फिंगेश्वर और कोपरा में नए चेहरे को उतरने का मौका

छुरा नगर पंचायत में महिलाओं के लिए 5 वार्ड आरक्षित हैं, जिनमें से 3 अनारक्षित महिलाओं के लिए हैं। इसी तरह, फिंगेश्वर में 5 महिला आरक्षित वार्ड और एससी वर्ग के लिए 4 वार्ड आरक्षित हुए हैं। कोपरा में ओबीसी वर्ग को 5 और महिलाओं को 5 वार्ड मिले हैं।

छुरा और फिंगेश्वर में एससी और ओबीसी वर्ग के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। कोपरा में महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में वार्ड आरक्षित होने से पहली बार चुनाव लड़ने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

नई राजनीति की शुरुआतः महिलाओं और ओबीसी वर्ग को अधिक अवसर मिलने से नए चेहरे राजनीतिक मैदान में उतर सकते हैं।

### वरिष्ठ नेताओं की रणनीति पर असर

कई दिग्गज नेताओं को अपने पारंपरिक वार्ड छोड़ने पड़ सकते हैं। ओबीसी और सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या कम होने से इन वर्गों में दावेदारी के लिए मुकाबला बढ़ेगा।

### चुनाव की सरगर्मी तेज

आरक्षण सूची जारी होते ही हर पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवार अपने-अपने समीकरण साधने में जुट गए हैं। वार्डों में प्रचार-प्रसार का माहौल बनना शुरू हो गया है। जिन वार्डों में महिला या किसी विशेष वर्ग का आरक्षण है, वहां संभावित उम्मीदवार अपनी दावेदारी मजबूत करने में लग गए हैं। स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि इस बार आरक्षण सूची ने कई नेताओं को नया मौका दिया है। महिलाएं और पिछड़े वर्ग के लोग इसे अपने लिए सकारात्मक कदम मान रहे हैं।चुनावी विशेषज्ञों का कहना है कि यह आरक्षण सूची आगामी चुनावों के नतीजों पर बड़ा असर डालेगी। हर वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है, लेकिन एसटी वर्ग के लिए कुछ क्षेत्रों में कम आरक्षण चिंता का विषय हो सकता है। नगर निकाय चुनावों की यह आरक्षण प्रक्रिया न केवल सियासी गणित को बदल रही है, बल्कि नए नेताओं के उदय का रास्ता भी खोल रही है। अब देखना दिलचस्प होगा कि कौन से दिग्गज नेता अपनी रणनीति से इस चुनौती को पार कर पाते हैं और कौन से नए चेहरे मतदाताओं का दिल जीतते हैं।

## सड़क निर्माण में लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश, दो घंटे तक किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी



सड़क निर्माण में लेटलतीफी लापरवाही और अनियमितता को लेकर भेण्डरी के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। सरपंच प्रीतराम देवांगन ने बताया कि 4-5 वर्षों से 200 करोड़ रूपए की लागत पर एडीबी रोड निर्माण कम्पनी द्वारा 67 किलोमीटर सड़क निर्माण का काम कर रहा है। इस निर्माण कार्य के बीच भेण्डरी बस स्टैंड से लगे हुए एक किलोमीटर का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। जितनी चौड़ाई होनी चाहिए वह नहीं किया है। डिवाइडर के लिए मौहापारा के पास गेप किया गया था जिसे पुनः समतल कर दिया गया है। सड़क के एक साइड नाली निर्माण नहीं किया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने सड़क में उतरकर दो घंटे तक चक्काजाम किया तब ठेकेदार की आंख खुली, पसीना से तरबतर ठेकेदार ने ग्रामीणों की भीड़ और गुस्सा देखकर तुरंत संबंधित अफसरों से बात किया और ग्रामीणों से भी बात कराया। अफसर के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया। मांग की गई है कि गौठान से लेकर मौहापारा तक पूरा सड़क डामरीकरण होना चाहिए। साथ ही अधूरा नाली का निर्माण भी पूरा हो और डिवाइडर भी बने ताकि भविष्य में दुर्घटना से बचा जा सके। चक्काजाम के दौरान सरपंच प्रीतराम देवांगन, ग्रामीण अध्यक्ष कोमल सिन्हा ,पूर्व जनपद सदस्य नीलकंठ सिन्हा ,उपसरपंच सेवक बांधे, चुनू साहू, पूर्व सरपंच माणसमणी देवांगन, सोहन साहू, रोहित पटेल, आनंद पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## विवादित बयान पर कांग्रेस ने शाह का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रति कथित अपमानजनक शब्दों के उपयोग पर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से जुलूस निकालकर तिरंगा चौक में अमित शाह का पुतला दहन किया। इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू, महामंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, अवध राम यादव, अमित मिरी, डिलेश्वर देवांगन, एनएसयुआई प्रदेश सचिव चित्रांश ध्रुव, असंगठित जिला अध्यक्ष भानु सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, बाबा सोनी, मोतीलाल साहू, गजेंद्र साहू, मुकेश रामटेके सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने अमित शाह के बयान को संविधान और बाबा साहब का अपमान बताया और सरकार से माफी की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संविधान और बाबा साहब के सम्मान की रक्षा के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468



प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदान व्यवस्था
9926133072

# जो इंसान जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है : ब्रह्माकुमारी भारती दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

कटनी से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भारती दीदी ने श्रीमदभागवत गीता प्रसंग के दौरान कहा कि एक ही परिवार में जीवन-मरण का प्रश्न हो, ह्रदय में मोह व घृणा हो, भय व आक्रोश के भाव एक साथ पैदा हो रहे हो, ऐसे में स्वयं भगवान शिव प्रत्येक आत्मा अर्जुन के ह्रदय में ज्ञान कर्म भक्ति की दिव्य धारा प्रवाहित कर अमर संदेश संप्रेषित कर रहे हैं। यही भगवत गीता का उपदेश का महत्व स्थाई चिरंतन है। संसार के जितने विद्वान, आचार्य, मनीषी पैदा हुए उन्होंने संसार व आकाश को नहीं खोज बल्कि मैं कौन हूं उसकी खोज की। संसार के लोगों के बीच में रहकर असाधारण जीवन कैसा बनाया। आज मानव चंद्रमा तक पहुंच गया लेकिन चंद्रमा जैसी शीतलता नहीं आई, जब तक स्वयं को नहीं जाना तब तक मंगल कुशल जीवन नहीं हो सकता। जिसने स्वयं को पहचान लिया वह संसार से आगे निकल गया। स्वयं को नहीं जाना तब तक जीवन व्यर्थ है। वास्तव में हम कौन हैं। आत्मा है। आंखों से देखने वाले कौन है। गीता के आठवें अध्याय में कहा गया कि अंत समय दोनों भौंहों के बीच में आत्मा समझ के भगवान को याद करते हैं उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है। मस्तक के बीच चमकता अजब सितारा अपने को अनुभव करना है जिसने जन्म लिया, उसका मृत्यु भी निश्चित है। भारती दीदी ने कहा कि यहां कोई रहने वाला नहीं। आत्मबोध नहीं होने के कारण दुखी हो जाते हैं। हर मानव की बाल, युवा, वृद्ध अवस्था शरीर की होती है। जन्म उत्सव, वृद्धा उत्सव मनाते हैं उसमें रोते नहीं है। हम शरीर के मोह में इतने आ चुके हैं इसके कारण दुखी होते हैं।

### जो भगवान को याद करते हैं उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है




#### जिसका मन में वश वही सच्चा सन्यासी है

राजा जनक आत्मबोध से राजमहल में रहते संयासी बन गए। राजा जनक को विदेही क्यों कहा गया। राजमहल में रहते उन्होंने आत्म दीपक को जगाए रखा, कि राजमहल में रहते आत्म दीपक कहीं बुझ न जाए यही विधि है घर गृहस्थ में रहते कि मेरे से कोई पाप कर्म नहीं हो जाए , किसी को दुख नहीं मिल जाए। जिसने मन को कंट्रोल कर लिया वही सच्चा सन्यासी है। संसार में रहना है लेकिन मन में संसार नहीं हो, संसार में लिप्त नहीं हो जाए। आत्मा अनुभूति बहुत जरूरी है। विनाशी चीजों को एकत्रित करने में नहीं आई हूं। ऐसे स्वचिंतन करना है। वास्तव में मैं आपको देख रही हूं या आंखों से मैं देख रही हूं। आत्मा का ध्यान परमात्मा में जाएगा तो श्रेष्ठ बन जाएगी। भावना से सत्कर्म करो। जाने से पहले सत्कर्म करने पड़ेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने गीता की आरती की प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती में अभ्यार्थी की मौत, मृतक के परिवार को 10 लाख का चेक



**अभनपुर।** ग्राम खोरपा निवासी मनोज साहू अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने रायगढ़ गया हुआ था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान ही बेहोश होकर गिर गया उपचार के दौरान रायगढ़ जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया था। छत्तीसगढ़ शासन के प्रतिनिधि के रूप मे विधायक इन्द्रकुमार साहू व तहसीलदार रामप्रसाद बघेल अभनपुर के द्वारा स्व. मनोज साहू के पिता अनिल साहू को गुरुवार को 10 लाख रुपए का चेक सौंपा गया। इसके अलावा तत्कालिक सहायता राशि विधायक द्वारा 1 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया था। इस दौरान गांव के सरपंच, उपसरपंच व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पंचायत बिजली में सीसी सड़क निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बिजली में सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी एवं राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा विकास की बड़ी सौगात दी है। जिसका भूमिपूजन गुरुवार को सीसी रोड बिजली 5 लाख, मडवाडिही 9 लाख का किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि पीलाचंद मांडले, जनपद सभापति गजेंद्र किर्ती निषाद, मोती राम निषाद पूर्व सरपंच, लिखन निषाद, विश्वनाथ पटेल, पंच नंदू यदु, पीतांबर साहू, भवंर लाल दास उपस्थित थे।

### सिंधी काउंसिल ने बांटे कंबल सात दिनों तक चलेगा वितरण

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने निशुल्क कंबल वितरण के दूसरे दिन बुधवार को अर्जुन नगर घड़ी चौक में कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि, ठंड के मौसम में हमारी कोशिश है कोई भी व्यक्ति ठंड में न सोए। यह कंबल वितरण अभियान सात दिनों तक जारी रहेगा। जैसे ही बुजुर्ग महिला, बच्चे, युवा सभी को बड़ी संख्या में कंबल वितरण किया गया, उनके चेहरे खुशी से खिलखिला उठे।

### पंथी नृत्य के साथ जैतखाम में फहराया गया नया सफेद ध्वज

# राजधानी में धूमधाम से मनाई बाबा गुरु घासीदास जयंती, घर-घर जले दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित राजधानी में भी बुधवार को सतनामी समाज के लोगों ने बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई। सुबह से ही सतनामी बहुल बस्तियों में गुरु की अमृतवाणियां गुंजयामान होती रही।

सभी पवित्र जैतखाम परिसर में रंगीन रोशनियों की जगमगाहट रही, लोग अपने घरों के मुख्य द्वार में सफेद रंग से सुंदर रंगोली सजाकर दीप जलाए तथा जयंती पर्व का स्वागत किया। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि, गुढ़ियारी, अंबेडकर चौक स्थित पवित्र जैतखाम में गुरु घासीदास अकादमी समिति से जुड़ी हुई महिलाओं ने अपने-अपने घरों से मालपुआ, महाप्रसादी, फल, फूल, नारियल, पान, सुपारी आदि थाल में सजाकर पवित्र जैतखाम में अर्पित किए। सामूहिक आरती की बाद 18 दिसंबर अमर रहे, जय-जय सतनाम की जयघोष के साथ क्षेत्र के पार्षद सुंदरलाल जोगी ने पवित्र जैतखाम में सफेद ध्वज का नया पालो (झंडा) फहराया। इस दौरान प्रवक्ता चेतन चंदेल, पं. अंजोर दास बंजारे, नोहर घृतलहरे, नरेंद्र कुर्रे, विजय बेर, बंशी मारकंडे, ईश्वर जोगी, राधे घृतलहरे, रुक्मणी जोगी, मीना मारकंडे, शीला बंजारे, भारती बेर, कल्याणी जोगी, सुंदरलाल लहरे, आरके गेंदले, डीएस पात्रे, कपिल, शांति गिलहरे, दामिन टंडन, नीरा लहरे, अमेरिका बाई सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।



#### राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने रखे अपने विचार

न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में आयोजित राष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी के स्वागताध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार व नगर निगम के पूर्व अपर आयुक्त डॉ.जेआर सोनी थे, जिनके मंचीय संचालन में दिल्ली से पधारे मुख्य अतिथि मोहनदास नैमिशराय ने कहा कि, मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर बाबा गुरु घासीदास जी ने वर्षों पूर्व जो एकता का बीज बोया था आज उसी का फल है कि इंसान में सौहार्दता व आपसी भाईचारा कायम है। अध्यक्षता कर रहे पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने कहा कि, गुरु जी के बताएं मार्ग पर चलकर ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। संगोष्ठी को दिलीप वासनिकर (आईएएस), डॉ. सुशील त्रिवेदी (आईएएस), डॉ. परदेसी राम वर्मा, बाबा कमलेश दास लखनऊ, रूप सिंह रांझा हरियाणा, केएल रवि ने भी संबोधित किया।

#### मानव जाति के प्रेरणास्रोत हैं बाबा गुरु घासीदास

*छत्तीसगढ़ के महान संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर परिसर में घटित घटना से जेल में बंद निर्दोषों को निशर्त रिहा करने और संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली जिला बलौदाबाजार का नाम बाबा गुरु घासीदास धाम के नाम पर करने का मांग की है। उन्होंने कहा, बलौदाबाजार जेल में बंद निर्दोषों की रिहाई से ही सही मायने में बाबा की जयंती सार्थक होगी और उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।*

#### 268 दीप जलाकर पंथी गीतों के साथ ध्वजारोहण



सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास के 268 वीं अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में खमतराई के सतनाम भवन में दो दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन के पहले दिन सुबह 5 बजे सतनाम भवन के गुरु गद्दी व जोड़ा जैतखाम के समक्ष 268 दीप जलाकर रोशनी की गई। इसके बाद मोहल्ले में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक प्रभातफेरी निकाली। सुबह 7 से 10 बजे तक मंगल भजन ,दोपहर 12 बजे गुरु गद्दी की पूजा - अर्चना के बाद पंथी गीत के के साथ जोड़ा जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया। सतनामी समाज के अध्यक्ष सुरेश लहरे,सचिव गोविंद सोनवानी ने बताया कि गुरुवार प्रातः 05 बजे से सतनाम प्रभातफेरी और 8 बजे से मंगल भजन - पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। दोपहर 2 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा रात्रि के समय आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व गुरु जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जायेगा । जयंती समारोह के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता - सत्यनाम सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे करेंगे।

## सीएम साय से साहू समाज का प्रतिनिधिमंडल मिला



**राजिम।** 7 जनवरी को आयोजित होने वाले भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम विष्णुदेव साय को आमंत्रित करने साहू समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात किया। मुलाकात करने वालो में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू , अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक पवन साहू, गरियाबंद जिलाअध्यक्ष नारायण साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मोहन कुमारी साहू, शीलू साहू, संयोजक बीसी साहू, एवं जिला साहू संघ कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू शामिल थे।



### पन्ना बने नगर निषाद समाज के अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** नगर निषाद समाज के पन्ना निषाद अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष नरोत्तम निषाद, सचिव भुनेश्वर निषाद, कोषाध्यक्ष कृष्णा निषाद चुने गए। समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला और बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## नगर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दिया जाएगा : बेहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नगर पंचायत संचालन समिति का अभिनंदन समारोह हुआ। संचालन समिति अध्यक्ष अनिल बेहेरा ने कहा की नगर व नगरवासियों के हित में विकास कार्य जल्द रफ्तार पकड़ेगी। आज नगर के गांधी चौक में नव गठित नगर पंचायत के परिषद संचालन समिति का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। भाजपा के पूर्व विधायक द्वय गोवर्धन मांझी, डमरूधर पुजारी समेत भाजपा मंडल व जिला के अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में संचालन समिति अध्यक्ष अनिल बेहेरा, उपाध्यक्ष मुनू राम पांडे, सदस्य सुशील यादव, शिवलाल निषाद, कुंज बिहारी यादव, अमरचंद पांडे, हीराराम यादव का भाजपा संगठन व नगर वासियों को ओर से अभिनन्द किया गया। नगर के अलावा ब्लॉक भर के कई लोग इस सभा में मौजूद रहे। अनिल बेहेरा ने कहा कि प्रकिया में विलम्ब के चलते योजनाओं का क्रियान्वयन रुका हुआ है। नगर के विकास, साफ सफाई में कोई कमी नहीं रहने दिया जाएगा। कहा की भाजपा सरकार ने देवभोग को नगर पंचायत बनाया है और इसक विकास भी भाजपा करेगी। उन्होने कहा की यहां विकास कार्य जल्द प्रारंभ होगा। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने भी कहा की भाजपा जो कहती है उसे करती है। भाजपा की सरकार बगैर भेद भाव के विकास कार्य करती है। सरकार की सभी योजनाओं का यहां लाभ दिलाया जायेगा।



### ट्रक के केबिन में लगी आग, रायपुर से पहुंची फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

**अभनपुर।** अभनपुर से लगा हुआ राजिम मार्ग पर स्थित धर्मकांटा के पास धान से भरा ट्रक के केबिन में अचानक आग लग गई। देखते देखते ही देखते केबीन के साथ ही धान के कट्टे मे आग पहुंच गई आग को काबू पाने के लिए नगर पंचायत को सूचित किया गया लेकिन हमेशा की तरह नगर पंचायत के फायर ब्रिगेड में ना ही पानी था और न ही डायवर उपस्थित था किसी तरह आग में काबू पाने के लिए टेंकर के पानी से बाल्टी व डिब्बों के माध्यम से आग बुझाने की कोशिश की जाती रही। अंततः रायपुर से फायर ब्रिगेड आने पर आग पर पुर्णतः काबू पाया जा सका। नगर पंचायत में सारी सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद भी आज तक के सभी आगजनी घटनाओं में नगर पंचायत के फायर ब्रिगेड से लोगों को कभी भी राहत नहीं मिली हर बार की तरह इस बार भी आमजनता, नगर के प्रतिनिधियों व अधिकारियों को कोसती रही। लोगों का कहना था कि अभनपुर नगर पंचायत के प्रतिनिधि केवल अपने कुर्सी से सीमित रहकर नगर के दुख दर्द व विकास के बारे में कभी सोचा ही नहीं अभनपुर नगर पंचायत राजधानी के सबसे करीब का टाउन होने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है, आगजनी की घटना पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचने पर हर बार की तरह इस बार भी लोगों मे भारी आक्रोश दिखा गया।



### गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

**गरियाबंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 3 से 6 जनवरी 2025 तक गरियाबंद जिला मुख्यालय में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारियां पूरे जिले में जोरों पर हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद, मैनपुर, और देवभोग के गायत्री परिवार के परिजन गांव-गांव, नगर-नगर और घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दे रहे हैं। आयोजन स्थल गांधी मैदान में स्वयंसेवक तैयारियों में जुटे हुए हैं। मैदान का समतलीकरण जेसीबी मशीन से किया जा रहा है। यज्ञ कुंडों के निर्माण के साथ-साथ भोजनालय, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण तेजी से हो रहा है। महायज्ञ का शुभारंभ 3 जनवरी को भव्य कलश यात्रा से होगा। कलशों की रंगाई-पुताई और तैयारी जारी है, जिसमें अब तक 1100 नारियल दान स्वरूप प्राप्त हो चुके हैं। यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक झलकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें आदिवासी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य और अष्ट पहरी नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्य शामिल होंगे। घोड़े पर मातृशक्ति को विराजमान कर शंखनाद के साथ दिव्य उद्घोष की व्यवस्था की गई है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

**रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2023-24 ग्राम तर्रा प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर ।**

**क्रमांक/ /तह./ वाचक-2/2024 नवापारा, दिनांक 17/12/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सावित्री पटेल पिता श्री लोकनाथ पटेल निवासी अशोक नगर, गोगांव रायपुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के समक्ष आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115, 116 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पेश किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम तर्रा प.ह.नं. 02 र.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 383/5 का भाग रकबा 2200 वर्गफुट (0.020 हे.) भूमि विक्रेता कमल वर्मा पिता भगवती प्रसाद वर्मा निवासी बंधवा पारा रायपुर छ.ग. से विक्रय विलेख दिनांक 14/07/2010 के माध्यम से क्रय किया गया है। वर्तमान में ख.नं. 383/5 रकबा 0.010 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधार कर रकबा 0.020 हे. भूमि दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पेश करने से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30/12/2024 को नियत है। उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है. बाद मे आये दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक **17/12/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर)

**नायब तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**




# मुख्य अभियंता ने मैनपुर-देवभोग क्षेत्रों में हो रहे सड़क निर्माण का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के मुख्य अभियंता (सेतु) एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क राज्य गुणवत्ता समन्वयक हरिओम शर्मा गरियाबंद जिले के दूरस्त वनांचल मैनपुर, धवलपुर, राजापड़ाव एवं तेल नदी देवभोग क्षेत्र के अंतिम ग्रामों तक निरीक्षण कर जहां सड़कों की हालात का जायजा लिया। वहीं पुल पुलिया निर्माण कार्यों का मौके का मुआयना किया साथ ही निर्माण कार्यो की संधारण कार्य करने का निर्देश दिया। जिला गरियाबंद में निर्माणाधीन सड़क तथा सेतु निर्माण गुणवत्तापूर्वक तथा निर्मित सड़कों में संधारण सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों तथा ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के मुख्य अभियंता (सेतु) एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक हरिओम शर्मा द्वारा जिले के सड़कों का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क 1. धवलपुर से मोहदा लंबाई 3.425 कि.मी. अनुबंधित ठेकेदार हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर रायपुर, 2. गौरघाट से कोदोभाठ लंबाई 4.30 कि.मी. ठेकेदार मेसर्स एम.एस.कंस्ट्रक्शन रायपुर 3. राजापडाव से गौरगांव लंबाई 22.00 कि.मी. ठेकेदार रायपुर कंस्ट्रक्शन रायपुर को तत्काल संधारण की कार्यवाही करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। समय सीमा में संधारण कार्य पूर्ण नहीं करने पर शस्ति अधिरोपित करते हुए अनुबंध समाप्ति की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। एससीए मद में स्वीकृत कार्य एनएच 130सी से डूमरपड़ाव से जांगड़ा के एलाइनमेंट एवं निर्मित होने वाले पुल पुलियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिए गए तथा पीएमजीएसवाय -3 से निर्माणाधीन पुल उर्तुली से गरियाबंद आरडी 30000 पर निरीक्षण किया गया। जिसे माह जून 2025 के पूर्व पुल निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत बैच-1 में स्वीकृत कुल 35 कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें अधिकतर मार्ग जीएसबी स्तर पर है को समय सीमा 31 मार्च 2025 के पूर्व पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देश दिए गए। ठेकेदार एवं विभागीय अभियंताओं को सतत निर्माण कार्यो का गुणवत्ता परीक्षण करते हुए समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### चरौदा में पथिक परब का 55वां संगोष्ठी आज से

**छुईहा बेलर।** ग्राम चरौदा में राम चरित मानस कथा से संलग्न मानस पथिक परिवार छत्तीसगढ़ का 55 वां संगोष्ठि 20 से 22 दिसंबर तक स्कूल चौक मानस प्रचार प्रसार मंच चरौदा में पथिक परब दिवस का आयोजन किया गया है। आयोजन के संचालक पथिक चिंता राम सेन, शिवेन्दु तिवारी सतीश बिसेन, रमेश यादव, कोमल साहू, टुकेश्वर चक्रधारी संयोजक व मानस पथिक परिवार सदस्य युगल किशोर सिन्हा चरौदा, भागीरथी सिन्हा छुईहा ने कहा कि यह मानस पथिक परिवार संस्था 2016 से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला में क्षेत्र के स्थानीय जनसमुदाय की सहयोग आयोजन करते आ रहे है। इस आयोजन का छठवां वर्ष ग्राम चरौदा मे इस संस्था का 55 वां संगोष्ठि पथिक परब के नाम से आयोजन आज से शुभारंभ हो रहा है। इस मंच के माध्यम से मानसग्रंथ से राम कथा पर मिले प्रसंग से ज्ञानी विद्वान द्वारा व्याख्यान सह संगीतमय श्री राम कथा रस माधुरी पान किया जाएगा। यू ट्यूब चैनल पर कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम की रुपरेखा पर युगल सिन्हा, चिंता राम सेन ने कहा कि शुक्रवार संध्या 4 बजे जल कलश यात्रा, पूजा-अर्चना, क्षेत्रीय लावण्या निधि मानस परिवार परदेशी राम सिन्हा राजकुमार यादव जमाही द्वारा मानस गान। शनिवार को 9 बजे संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पाठ, 10बजे मानस प्रवचन युगल किशोर साहू मेंढरका कुरूद, 11 बजे सुश्री शशिकला साहू सिंगदेही 8 बजे कार्यक्रम समापन आरती व पूर्णाहुति होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव भक्त भगवान सिंग ध्रुव, पुनम ध्रुव, लालजी यादव विनोद ध्रुव, भोजन व्यवस्था प्रभारी मानिक लाल सिन्हा दानदाता का विशेष सहयोग है।

### अभनपुर पालिक में आरक्षण की घोषणा, अध्यक्ष पद की प्रतीक्षा

**अभनपुर।** आगामी चुनाव के लिए नगर पालिका अभनपुर के लिए वार्डो का आरक्षण मे वार्ड क्रंमाक एक पिछड़ा वर्ग,वार्ड 2 अनुसूचित जनजाति, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 5 अनुसूचित जाति, वार्ड 6 अनारक्षित, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 8 अनारक्षित पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 9 पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 10 अनारक्षित, वार्ड 11 अनुसूचित जाति, वार्ड 12 अनुसूचित जाति, वार्ड 13 अनारक्षित, वार्ड 14 अनारक्षित महिला, वार्ड 15 अनारक्षित वार्डो का आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होते ही चुनावी सरगरमियां बढ़ेगी अब अध्यक्ष पद के आरक्षण का नगर के लोगो को बेसब्री से इंतजार है। अभनुपर नगर मे पिछले 10 वर्षो से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रहा है अब इस बार लोग बदलाव की उम्मीद के साथ पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के स्थानीय जनप्रतिनिधि अध्यक्ष पद की उम्मीद मे अंदरूनी जनसंपर्क मे लगे हुये है।

**कार्यक्रम :** सतनामी समाज सामुदायिक भवन का अमितेश शुक्ल ने किया लोकार्पण

# हम किसी क्षेत्र का विकास करते हैं तो सभी समाजों के लोगों का उत्थान होगा : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

मंगलवार को फिंगेश्वर में पूज्य बाबा गुरु घांसीदास जी के 268वीं जयंती के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था, तीसरे दिन सतनामी समाज द्वारा सामुदायिक भवन (मंदिर)का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल शामिल होकर नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। समाज के लोगों नें अतिथि का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। अमितेश शुक्ल ने अपने कार्यकाल में सतनामी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 8 लाख दिए थे।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमितेश शुक्ल जी ने कहा कि अत्यधिक खुशी की बात है कि बाबा गुरु घासीदास जी के जयंती पर्व के पावन बेला में यहाँ आप लोगों के बीच मुझे आने का मौका मिला। जब मै बचपन में पिता जी के साथ यहां आता था तब यह मंदिर छोटा सा था। अपने कार्यकाल में बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से जो 8 लाख मैंने दिया था उसका भव्य भवन (मंदिर) को देख कर बहुत ही आनंद आ रहा है। सतनामी समाज के लोगों नें मेरा सदैव साथ दिया है, उसका कारण यह है की कई पार्टी है जो धर्म के नाम पार लोगों को बाटने का काम करती है। लेकिन यहां वह सफल नहीं हो पाए क्योंकि छत्तीसगढ़ में बाबा गुरु घासीदास के जो शब्द है मनखे मनखे एक सामान इस भाव को सतनामी समाज अपने मन में रखे हुए है। आगे शुक्ल जी नें कहा की स्व. श्यामाचारण शुक्ल की यह सोच थी की अगर हम किसी क्षेत्र की विकास करते है तो सभी समाजो के लोगों का उत्थान होगा। वह सभी समाजों को साथ लेकर चलते थे। बाबा जी के बताए गये मूल मंत्र को मैं भी लेकर चलता हूं। कार्यक्रम में सतनामी समाज के रूखमनी मांडले, बंशी धृतलहरे, संतोष मांडले, लक्ष्मण मांडले, दूजलाल बंजारे, कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर, अनिल चंद्राकर, पार्षद सुनीता श्रीवास, युवराज सिन्हा, कमलेश यदु आदि सहित सतनामी समाज के पदाधिकारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

## घासीदास की जयंती पर बकली में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बकली सतनामी के तत्वावधान में 18 दिसंबर को बाबा गुरुघासीदास जयंती पर्व के अवसर पर सतनाम संदेश यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसमें नगर के सतनामी समाज द्वारा सफेद पोशाक धारण कर सफेद झंडा लेकर गुरु घासीदास बाबा के सत्य व शांति के संदेश देते हुए भव्य शोभायात्रा के साथ भ्रमण किया गया। रैली में आसपास के अन्य ग्रामों के सतनामी समाज के लोगों ने भाग लिया। रात्रि में गुरु घासीदास जयंती उत्सव घासीदास चौक में सरपंच करेलिया-मुन्ना कुरै की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में शशिकला गौतम ,मनीराम मिरी उपसरपंच ,अध्यक्ष देवानंद मन्नाडे ,समेलाल पुरेना ,तोरन मिरी, श्यामलाल ,महेंद्र मिरी ,रोहित आडिल, भारत कोतवाल, कुंज मिरी, विष्णु मन्नाडे शामिल थे।





## बाबा की शोभायात्रा का बंजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर।

गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाने इस बार सतनामी समाज के द्वारा पांच दिवसीय आयोजन किया गया था। जिसमें अलग- अलग तिथियों में अलग -अलग कार्यक्रम सपंन्न हुए। इसी कड़ी में शोभायात्रा के स्वागत के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता मंच पर भारी संख्या में उपस्थित थे। जिसमें मोहन शर्मा, शुभम जैन, मुकेश साहू,अमन शर्मा, उग्रसेन यादव, लक्ष्य शर्मा, अक्की श्रीवास, पंकज श्रीवास, प्रवीण साहू, दीनबंधु साहू, पिंकेश श्रीवास, भोज निषाद,शांतनु निषाद,ललित डडसेना शुभम तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## गृहमंत्री का फूंका पुतला, कहा- बाबा साहेब का अपमान बर्दास्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के अम्बेड़कर चौक में गुरुवार को एसटी एससी संयुक्त मोर्चा द्वारा शाम 4:00 बजे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने कहा की केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान किया गया है जिसके कारण आज हम लोग पुतला दहन कर रहे हैं। उन्होने कहा की डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान बर्दास्त नहीं किया जायेगा यह घोर निंदनीय है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा की भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं देश के गृह मंत्री द्वारा संविधान निर्माता के खिलाफ इस तरह के टीप्पणी बर्दास्त के बाहर है उन्होने कहा भाजपा के वरिष्ठ नेताओ द्वारा लगातार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान किया जा रहा है कभी गांधी कभी नेहरू कभी सरदार वल्लभ भाई पटेल की बात करते है और अब ये बाबा अम्बेडकर तक आ गए हैं। उन्होने कहा की बाबा अम्बेडकर के संविधान के कारण ही आज देश की जनता सुरक्षित है। इस





### खोमन बने मंडल अध्यक्ष

**छुरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन चुनाव में नए मंडल अध्यक्ष का चयन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर को भाजपा मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी नरोत्तम साहू, जिला उपाध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर , जिला मंत्री चिरंजीव देवांगन, जनपद तोकेश्वरी माझी, जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज धुरवा, ऋतुराज शाह, राकेश शर्मा, पीलू राम यादव, इमरान मेमन, रूपनाथ बंजारे, रामकुमार यादव एवं कार्यकर्ता की उपस्थिति में जिम्मेदारी दी गई। उनकी नियुक्ति पर सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।



### सुमित बने भाजपा मंडल के अध्यक्ष

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी ने गरियाबंद भाजपा मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में सुमित पारख की घोषणा की। यह घोषणा जिला भाजपा कार्यालय में मंडल चुनाव प्रभारी योगेश शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय, और आशीष शर्मा अन्य स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने सुमित पारख का जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और पटाखे फोड़कर खुशी मनाई। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा की पार्टी संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और लगन के साथ

## एनएचएम संविदा कर्मचारियों का आंदोलन 25 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत 16,000 संविदा कर्मचारियों ने नियमति करण एवं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। एनएचएम कर्मचारी संघ के अमृत राव भोंसले जिलाध्यक्ष, भूपेश साहू, भूपेंद्र सिन्हा, और अन्य ने बताया कि वे 20 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी प्रमुख मांगें, जैसे वेतन विसंगति, नियमितीकरण, चिकित्सा बीमा, 27% वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति, और अन्य सुविधाएं पूरी नहीं हुई हैं। कोविड काल में जान जोखिम में डालकर काम करने वाले इन कर्मचारियों को न तो सामाजिक सुरक्षा मिली और न ही उनका वेतन उचित है। संघ ने आरोप लगाया कि सरकार के वादों के बावजूद 27% वेतन वृद्धि और अन्य घोषणाएं अभी तक अमल में नहीं आईं।कर्मचारियों ने 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रदेशभर में उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।




**मुख्य मांगें:** नियमितीकरण और समान काम-समान वेतन। 27% लंबित वेतन वृद्धि। चिकित्सा बीमा और अन्य लाभ। अनुकंपा नियुक्ति और ग्रेड पे।



## खबर संक्षेप

### न्योता भोज में बच्चों को परोसी गई लड्डू व पूड़ी




**छुईहा बेलर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चैतरा में न्योता भोज दानदाता नरेंद्र साहू, खुमन साहू, चित्ररेखा, जागेश्वरी साहू, रुपेश, योगेश, निलकमल येवरतन साहू परिवार चैतरा द्वारा अपने स्वर्गीय पिता बिसरु राम साहू की पुण्य स्मृति स्मरण करते न्योता भोज का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस न्योता भोज में बच्चों को लड्डू, खीर, पूड़ी, सलाद, दाल, चावल, सब्जी, पापड़ वगैरह परोसाह। गया था। इस मौके पर सरपंच संजय कंडरा, सुघ्घरमल आड़े, दिव्यांग संघ अध्यक्ष जागेश्वर साहू, अवध साहू ,लेखन साहू, प्रदीप साहू, प्रधान पाठक विनोद कुमार साहू, प्रधान पाठक गीता साहू, शशीकला भारद्वाज, दिनेश्वरी, भुनेश्वरी, निलम, रेणुका दिनकुवर, राजेश्वरी, टिकेश्वरी, वरिष्ठ नागरिक, स्कूल स्टाप स्कूली बच्चों सहित न्योता भोज दानदाता परिवार उपस्थित थे।

## सौगात

### विधायक साहू ने सड़क मरम्मत कार्यों व पुल निर्माण के लिए राशि मंजूर कराया

# जिले में बिछेगा सड़कों का जाल, सड़क निर्माण के लिए 104 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू समूचे राजिम विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ा ही रहे है। इसके अलावा भी उन्होने जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र का ध्यान रखते हुए पूरे जिले में सड़कों का जाल बिछाने के लिए 104 करोड़ रूपए की राशि मंजूर करा लिया है। बता दे कि विधायक ने सड़कों के हालत को देखते हुए सीएम, डिप्टी सीएम, वित्त मंत्री से लेकर हरेक मंत्रियों से मुलाकात कर अपनी क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते है। गुरुवार को विधायक रोहित साहू ने बताया कि गरियाबंद जिले की सड़कों के बुरा हाल को देखते हुए उन्होने अनेक मार्गों के नवीनीकरण, पीएम जनमन की सड़कों व अन्य मरम्मत कार्य, पुल निर्माण और पेंच वर्क के लिए 104 करोड़ रुपए की राशि मंजूर कराया है।

मंजूर हुए इन कार्यों में सड़क नवीनीकरण कार्य के तहत अकलवारा से फिंगेश्वरी 96.32 लाख रुपये, दादरगांव से छतरमड़ई 53.53 लाख रुपए, कांटाखुसरी से राजपुर व्हाया धरमपुर 42.01 लाख रुपए, मोंगरा से बिरनीबाहरा 109.22 लाख रुपए, परसदाखुर्द से पिपरहट्टा 29.39 लाख रुपए, पाटसिवनी से जामली 61.08 लाख रुपए, रक्सी से नवाडीह (केंवटीझर) 62.38 लाख रुपए, कोकड़ी से भिलाई 67.62 लाख रुपए, लोहारी से गोड़लबॉय 142.90 लाख रुपए, महेन्द्रगढ़ से सातधार 72.24 लाख रुपए, डड़ईपानी से धवलपुर 145.32 लाख रुपए, मैनपुर से गोबरा 298.89 लाख रुपए, सिहार से जिड़ार 48.42 लाख रुपए, गरीबा से गोना 292.27 लाख रुपए, ध्रुवापारा नाला से स्टेट हाइवे 42.16 लाख रुपए, ऊपरपीटा से दहीगांव 32.56 लाख रुपए, बारूला से कौंदकेरा 36.99 लाख रुपए, बारूला से पोटिया 127.79 लाख रुपए, कसेरु से आमझर 119.96 लाख रुपए का कार्य शामिल हैं।

**नवापारा बी से कमारपारा के लिए 106.3 लाख रुपए स्वीकृत-** इसी तरह पीएम जनमन योजना के तहत वर्ष 2023-24 के कार्यों में, छुईहा से कसेरूडीह व्हाया कमारपारा 180.54 लाख रुपए,बनगंवा से कमारपारा रोड 33.19 लाख रुपए,रक्सा से कमारपारा 87.07 लाख रुपए,कुंडेल कमारपारा से कसेरूडीह 177.44 लाख रुपए, गुंडरदेही से बम्हनदेही 81.7 लाख रुपए, खैरझिटी से कमारपारा भेंडरी 95.13 लाख रुपए, फिंगेश्वरी से तालाबपारा 45.94 लाख रुपए, अकलवारा से कमारपारा 72.06 लाख रुपए, मड़ेली से कमारपारा 46.28 लाख रुपए,नवापारा बी से कमारपारा 106.3 लाख रुपए, फुलझर से खदराही 163.67 लाख रुपए, रवेली से कमारटोला 86.46 लाख रुपए, रवेली-जरगांव से कमारपारा 37.08 लाख रुपए, रवेली-जरगांव से खपरापारा 64.50 लाख रुपए, घटकर्रा स्कूल से कमारपारा 40.89 लाख रुपए, रामनगर पारा से कमारपारा 37.37 लाख रुपए, सेम्हरा से स्कूलपारा छतरपुर 200.39 लाख रुपए, राजपुर छतरपुर से कमारपारा, 134.41 लाख रुपए, हीराबतर से कोकड़ाछेरा 95 लाख रुपए, बनवापारा से बांजीबहलीपारा 70.52 लाख रुपए, बुरजाबहाल से कमारपारा 102.05 लाख रुपए, बनवापारा से खासरपारा 111.26 लाख रुपए, बुरजाबहाल से बंदपारा 109.65 लाख रुपए, बनवापारा बस्ती से खरकारपारा 50.39 लाख रुपए, बुरजाबहाल से कंडियापारा कमारपारा 81.11 लाख रुपए, तुहामेटा से भालूकोना 103.58 लाख रुपए, जिड़ार से जरहीडीह (डोंगरीपारा) 114.21 लाख रुपए, जाड़ापदर से कमारपारा 181.93 लाख रुपए, डुमाघाट से चचारपारा 127 लाख रुपए,कांडसर से रताखंड 187.52 लाख रुपए, डुमाघाट से चिटकीमुड़ा 193.74 लाख रुपए,कांडसर से काटेसेमल 174.44 लाख रुपए, उसरीजोर से कमारपारा गोलामाल 148.19 लाख रुपये, गोलामाल से अड़कीभाठा 188.24 लाख रुपए, घुमरापदर से छोटेडोंगरीपारा 179.37 लाख रुपए। इसी प्रकार पीएम जनमन वर्ष 2024-25 की आगामी कार्ययोजना बैच-2 के लिए भी प्रशासकीय स्वीकृति विधायक रोहित साहू के प्रयास से मिली है जिनमें गोंदलाबाहरा से उलटपारा 1.70 किमी के लिए लागत 102.18 लाख रुपए, दीवना से कमारपारा 2.10 किमी के लिए 117.52 लाख रुपए, नागाबुड़ा से चट्टानपारा 6.00 किमी हेतु 33.39 लाख रुपए, छिन्दौली (गोंदलाबाहरा) 135.48 करोड़ रुपए,खरखरा से कमारपारा 95.06 लाख रुपए,हाथबाय से चिखली 209.72 लाख रुपए,कोटरीछापर से भुइयाडेरा 121.72 लाख रुपए, मरौदा से बम्हनी 90.26 लाख रुपए,सिकासार रोड से अच्छाछेड़का 94.33 लाख रुपए,कमारभौदी से कमारपारा 406.43 लाख रुपए, डुमरबाहरा से ऊंडापारा 156.64 लाख रुपए,पंचायत भवन से कमारपारा ओंढ़ 89.62 लाख रुपए,नेशनल हाइवे 130 सी से टिमनपुर 57.72 लाख रुपए,खरीपथरा से टेकनापारा बासनपानी 200.12 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल हैं।

### आठ मार्गों के मरम्मत के लिए 111.26 लाख रुपए मंजूर





विधायक रोहित साहू ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न आठ मार्गों के मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग से लगभग 111.26 लाख रुपए की भी मंजूरी मिली है जिसमें परसदाजोशी से रक्सा,12.54 लाख रुपए,कोसमखुंटा से रजकट्टी 19.87 लाख रुपए, फिंगेश्वर पसौद से भाठापारा पहुँच मार्ग 5.40 लाख रुपए,द्रुतकैया खपरी से अरण्ड 12.20 लाख रुपए,सोनेसिल्ली से पथर्री सरगोड़ 19.69 लाख रुपए,सरनाबहाल से घुमरापदर 17.05 लाख रुपए,कंडेकेला से गुरजीभाठा (अ) 12.83 लाख रुपए,चिचिया से गोटियापारा 11.68 लाख रुपए शामिल हैं। बताया कि इसके अलावा भी छह पुलो के निर्माण की स्वीकृति मिली है जिसमें कसाबाय-पतोरादादर मार्ग पर चचगी नाला में पुल निर्माण के लिए 394.11 लाख रुपए, बीजापाल से जोगीडीपा मार्ग पर बघनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण सह पहुँच मार्ग हेतु 519.75 लाख रुपए,कासरबाय से पतोरादादर मार्ग पर 135 मीटर पुराने पुल के स्थान पर नया पुल निर्माण कार्य 535.30 लाख रुपए, हरदी कासरबाय बहेराबुड़ा मार्ग पर पगारनाला में पुल निर्माण हेतु 509.60 लाख रुपए तथा कनसिंघी जटियाटोला मार्ग में सूखानदी पर पुल निर्माण हेतु 603.18 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल हैं। इन सभी विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के लोगो सहित समूचे गरियाबंद जिले के सुदुर वनांचल मैनपुर,देवभोग क्षेत्र के रहने वाले भी राजिम विधायक रोहित साहू का आभार जताया है। विधायक रोहित साहू ने इस संपूर्ण कार्यों के स्वीकृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय, अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र व जिले के विकास के लिए हमारा जो संकल्प था उन संकल्पों को पूर्ण करने सतत प्रयासरत हैं और आगे भी जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य होंगे।

# बीईओ ने प्राचार्य व संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा की उपस्थिति में विकासखंड फिंगेश्वर के सभी हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल एवं संकुल के विद्यालयों में अपार आईडी जनरेशन की अध्ययन स्थिति पर चर्चा की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि अपार आईडी जनरेशन के लक्ष्य पूर्ण करने की संभावित तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है जिसके लिए सभी शासकीय, अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में सतत मॉनिटरिंग कर प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। शासन के निर्देशानुसार कक्षा पहली से बारहवीं तक सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के शत प्रतिशत विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र, छठवीं से बारहवीं तक निवास प्रमाण पत्र, नवमी से बारहवीं आय प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करें। वहीं जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है उनका अनुपलब्धता प्रमाण पत्र बनवाकर ग्राम पंचायत सचिव, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी गरियाबंद में जमा करावे। कुछ विद्यालयों में यू डाइस पोर्टल में बच्चों की प्रविष्टि में कमी या अधिकता है उन्हें सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त संकुल प्रभारी प्राचार्य, समन्वयक अपने संकुल के समस्त विद्यालयों का सतत निरीक्षण करें साथ–साथ गौरव गरियाबंद के अंतर्गत संचालित ऑनलाइन क्लास में सभी विद्यालय अनिवार्य से जुड़े व कमजोर बच्चों के लिए कार्य योजना बनाकर उपचारात्मक शिक्षण कराने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत निर्माण कार्य लघु व दीर्घ मरम्मत के स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति का निरीक्षण कर जानकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को सूचित करें। इस अवसर पर प्राचार्य एसएस कंवर, एमआररात्रे, कमल पांडे, पूरनलाल साहू, केआर निषाद, संजय एक्का, नारायण सिंह ध्रुरव, बघमार सर, नरेंद्र यदु, मनहरण यदु, चौतन्य यदु, कुमान सिंह ध्रुव, ओमप्रकाश सिन्हा, रामकुमार साहू, वर्षा नेताम, सिंधु साहू, मेघा ठाकरे, भोमिन हिरवानी, पुराणिक ध्रुव, दिनेश सोनी, भुवन यदु, नरेश साहू, असीम श्याम हरित, डगेश्वर ध्रुव, सूखेन साहू, अशोक सोनवानी, आशीष सेन, टोकेश साहू, गिरवर यदु, अनिल मेघवानी, भारती नामदेव मनीष देवांगन, चेतन गायकवाड़, नेतराम तारक सहित विकासखंड फिंगेश्वर के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास बाबा ने अपना जीवन मानव कल्याण के लिए कर दिया समर्पित : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम




मानिकचौरी में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में पहुंचे राज्य के पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने सतनामी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मनखे-मनखे एक समान के महान विचार से समाज में समरसता और समानता की अलख जगाने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी ने अपना सारा जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने अपने समय की सामाजिक- आर्थिक विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। उनसे समाज के लोग बहुत ही प्रभावित थे। उनके कार्यों और विचारों का उस वक्त भारतीय समाज में काफी गहरा प्रभाव पड़ा। यही वजह रही कि बाबा गुरु घासीदास जी को 19वीं सदी का महान संत कहा जाता है। श्री साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी युग पुरुष थे, जिनके बताएं मार्ग पर चलकर मानव अपने जीवन का कल्याण कर सकता है। श्री साहू ने मानिकचौरी में फुलचंद महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लगाए गए 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ भी किया। यहां शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना, युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर देश हित के कार्य करते हैं। कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है। अतएव समाज एवं राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दें। अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

# एनएसएस के 70 स्वयंसेवकों ने एडवेंचर कैंप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



जिला स्तरीय एकदिवसीय एडवेंचर कैंप का आयोजन 17 दिसंबर को छुरा के समीप स्थित चिंगरापगार वॉटरफॉल में किया गया। यह आयोजन स्वर्णदीप एडवेंचर एवं ट्रैकिंग संगठक प्रदीप सेन तथा वीर सुरेंद्रशाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद के प्राचार्य डॉ. आरके तलवरे के संरक्षण में हुआ। कैंप में जिले के डीएफओ लक्ष्मण सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्य गरियाबंद ब्लॉक के रेंजर श्री बरिहा, एडवेंचर एवं ट्रैकिंग एक्सपर्ट राजेश लोहिया और अधिवक्ता शाकिर कुरेशी भी उपस्थित रहे। इस एडवेंचर कैंप में साहसिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य टीम वर्क, साहस और प्रकृति के प्रति प्रशंसा को बढ़ावा देना था। कैंप में शामिल गतिविधियाँ पहाड़ चढ़ाई, रैपलिंग, पैरा सेलिंग, वॉल क्लाइंबिंग, रिवर क्रॉसिंग, ट्रैकिंग, स्टार गेजिंग, आकाश अवलोकन, प्रेरक व्याख्यान, कैंप फायर और मनोरंजन कार्यक्रम थीं। स्वयंसेवकों ने चिंगरापगार, गजपला और सिंदूर खोल वॉटरफॉल के सुंदर दृश्य देखे और ट्रैकिंग के माध्यम से पर्यावरण की सुंदरता का प्रत्यक्ष अनुभव किया। इस आयोजन में गरियाबंद कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. सी. एल. तारक, डॉ. नीलांबर पटेल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्यम कुंभकार एवं महाविद्यालय स्टॉफ तथा गुरुकुल कॉलेज के प्राचार्य धर्मेंद्र ओझा उपस्थित रहे। उक्त कैंप में शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के वरिष्ठ स्वयंसेवक संतोष सोरी, राजिम कॉलेज के योगेंद्र वर्मा, गरियाबंद कॉलेज के निखिल साहू, इंद्राणी साहू, वीना नेताम, विकास वर्मा, शशांक समेत लगभग 70 राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह कैंप जिले के छात्रों और युवाओं के लिए एक अद्भुत अनुभव साबित हुआ और उनके अंदर साहस, टीम वर्क और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया।

# ग्राम अमेठी दुधिया रोशनी से होगा जगमग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)




ग्राम अमेठी में गांव सतनामी समाज के परम पूज्य गुरुदेव गुरु घासीदास बाबा की आरती पूजन, ध्वज स्थापना करके बाबा जी की जयंती बड़े धूमधाम से जयंती मनाया गया। साथ ही अनेक विकास कार्यों के भूमि पूजन किया गया। जिसमें गुरु घासीदास मंदिर से तालाब तक 5 लाख रुपए के सीसी रोड का निर्माण जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव के अनुशंसा से एवं 6 लाख रुपए के हाई मास्क लाइट जनपद अध्यक्ष टोकेश्वरी मांझी के अनुशंसा से होगा। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि राजू साहू ने बताया कि विधायक रोहित साहू इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले थे। समय अभाव के कारण नहीं आ पाए ग्रामीण जनों की मांग पर 5 लाख रुपए की हाई मास्क लाइट के लिए घोषणा की है जिसको राजू साहू ने अपने उद्बोधन में बताया और कहा कि घाट खाल्हे क्षेत्र के विकास में कभी कोई कमी नहीं आएगी क्योंकि अब हमारे पास रोहित साहू जैसे विधायक हैं जो ग्रामीण जनों की समस्याओं को बखूबी जानते हैं, सभी अतिथियों ने गुरु घासीदास बाबा के जन्म जयंती के अवसर पर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंच कर समाज को एक नई दिशा देने के लिए बात कही, सतनामी समाज शिक्षा के क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों, सहयोगी बने ऐसी आशा रखने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष टोकेश्वरी मांझी, जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा, देव कुमार दीवान सरपंस, वेद राम नंदे, दुलार सिंह, पन्ना लाल, नोहर मार्कण्डेय, बिन्नी बाई, सेवक राम दीवान, राजकुमार निषाद, देवानंद सिन्हा, डोमन ध्रुव उपस्थित रहे।

## गौरघाट में जिलास्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला एवं गौपूजन कार्यक्रम संपन्न

# शासन की योजनाओं से पशु पालक आर्थिक रूप से हो रहे सक्षम : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से दो किलो मीटर दूर ग्राम गौरघाट में गुरुवार को पशुधन विकास विभाग गरियाबंद द्वारा जिला स्तरीय पशु प्रदर्शिनी मेला एवं गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम शामिल हुए तथा अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू शामिल हुए। अन्य अतिथियों में ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन सिंह दीवान, देहारगुड़ा सरपंच डिगेश्वरी सांडे, जाड़ापदर सरपंच हरचंद ध्रुव, हरदीभाठा सरपंच प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, लोकेश सांडे आदि शामिल हुए। लंबे अरसे बाद आदिवासी ब्लॉक मैनपुर में ब्लॉक के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश नायक के संयोजन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ जो कि विभाग के उपसंचालक डॉ. ओपी तिवारी के निर्देशन में आयोजित था। इस कार्यक्रम में पशुपालकों के बीच विभिन्न वर्गों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, जिनमें दुधारू गाय/भैंस, बैल जोड़ी,उन्नत बछिया, स्वस्थ बछड़ा, बैल/भैंस, सांड वर्ग, पक्षी वर्ग, बकरा/बकरी वर्ग शामिल थे। सभी वर्ग के उन्नत पशुपालकों को अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय व अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभाग के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौसेवक, कृत्रिम गर्भधान कार्यकर्ताओं, पशु मित्र तथा स्टॉफ को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पशु मेले में अनेक पशुपालकों ने अपने पशुओं का पंजीयन कराया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय को अपनाने और अतिरिक्त आय का स्त्रोत बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पशुपालकों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। एवं ऐसे शिविर व पशु प्रदर्शनी मेला समय समय पर ब्लॉक के दूरस्थ अंचल में भी आयोजित कराने की बात कही जिससे दूर दराज के किसान व पशुपालक साथी इस विभाग की योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### पशुपालन की दिशा में कम हो रहा किसानों का रुझान




जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने ग्रामीणों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़ने और राज्य डेयरी उद्यमिता योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत होने के लिए हमें पशुपालन की ओर लौटने का आग्रह किया व कहा कि बढ़ते पाश्चात्य संस्कृति के कारण अब किसानों का रुझान पशुपालन की दिशा में कम हो रही है। पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पशुओं में होने वाले बीमारियों के बारे में नजदीकी पशु अस्पताल में समय पर ले जाकर जांच–उपचार कराने का आग्रह भी की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. शारदा डहरिया, डॉ. भीष्मसाहनी साहू, डॉ योगेश नायक,मैनपुर ब्लॉक के परमेश मंडावी, पुरंदर वर्मा, सोनसाय, उमेश, धरम, नीलांबर, द्रोणाचार्य, रुपधर, विदेशी, साकेत पटेल तथा जिले से डॉ. तामेश कंवर, डॉ. सुरेंद्र चंद्राकर, डॉ. बीपी यादव, डॉ. भूषण साहू, एँबुलेंस टीम से तेजेंद्र दीवान, नोमेश साहू,लोकेश्वर जैन सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों व आमजनों की उपस्थिति रही।

